an>

# Title: Demand for CBI Enquiry regarding the Crime Against Children in Bhadra, Rajasthan

**श्री राहुल कस्वां (चुरू):** सभापति महोदय, राजस्थान में आये दिन हो रही आपराधिक घटनाओं की वजह से आम जन में राजस्थान सरकार की अकर्मण्यता को लेकर भारी रोष है । राजस्थान में आये दिन कुछ न कुछ ऐसा कार्य हो रहा है, जिसकी वजह से लगातार बहुसंख्यक वर्ग की भावनाओं को जान-बूझकर आहत करने का कार्य किया जा रहा है । चाहे उदयपुर में कन्हैयालाल जी की दिल दहलाने वाली घटना क्यों न हो, चाहे अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु स्वामी विजय दास जी की आत्मदाह के बाद मृत्यु और चाहे नोहर के अंदर विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला क्यों न किया गया हो । सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में भादरा के अंदर चिड़िया गांधी गांव है । उस गांव के अंदर गोकशी का मुद्दा उठा । एक महिला ने सुबह 4 बजे कुछ लोगों को गोकशी करते हुए देखा और लोगों में आक्रोश हुआ । लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया । धरना-प्रदर्शन करने के बाद पुलिस में केस रजिस्टर्ड हुआ और एफएसएल की जांच करने की बात कही गई । अचंभे की बात यह है कि जो सैम्पल्स पुलिस ने दिए, सारे सैम्पल्स फैल हुए और प्राइवेट लोगों के द्वारा, गांव के लोगों के द्वारा सैम्पल दिया गया, उस सैम्पल में यह पुष्टि हुई कि यह गोकशी का मुद्दा है । लोगों ने अपना धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्वक तरीके से किया और उसके उपरांत चार से पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया गया । लेकिन जो मुख्य आरोपी था, उसको गिरफ्तार नहीं किया गया । राजस्थान के अंदर पुलिस की ऐसी हालत है कि शांतिपूर्वक धरना देने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़-पकड़ कर मारा और उनको मारा ही नहीं, उनके ऊपर झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए । इसमें एक बच्चे का हाथ टूटा है और दूसरे बच्चे का कान का पर्दा भी फटा है । साथ ही महिलाओं को घर से घसीटकर मारने का कार्य राजस्थान में कांग्रेस सरकार की पुलिस ने करने का काम किया है । इसकी वीडियो वायरल हो रखी

है । आज की तारीख तक भी जो मुख्य आरोपी है, जो काफी सालों से गांव के अंदर ऐसी घटना पहले भी करते आया है, उसको गिरफ्तार नहीं किया गया है ।

मेरा आपके मार्फत सरकार से निवेदन है कि भादरा में जो घटना घटी है, ऐसी घटनाएं पहले भी घटती रही हैं । इसकी सीबीआई की जांच होनी चाहिए । पुलिस के द्वारा 40 से ऊपर बच्चों को पकड़ा गया है और उनके भविष्य को खराब करने का काम राजस्थान सरकार की पुलिस करने जा रही है । मेरा भारत सरकार से निवेदन रहेगा कि सीबीआई की जांच करके उस मुख्य आरोपी को पकड़ा जाए और जो ऐसी भावनाओं को फैलाने वाले लोग हैं, उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की  जाए ।

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य अगर आप विषय को सम्बद्ध करना चाहते हैं तो कृपया स्लिप भेज दीजिए ।

... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** जो भी माननीय सदस्य विषय को सम्बद्ध करना चाहते हैं, वे कृपया स्लिप भेज दीजिए ।

... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** ऐसे नहीं, आप स्लिप भेज दीजिए ।

... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्री बृजेन्द्र सिंह ।

... (व्यवधान)

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली):** सर, आपने बालू जी को बुलवाया था ।... (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** बिधूड़ी जी, आप बैठ जाइये ।

... (व्यवधान)